CEA ने प्रोम्प्ट, ड्रिप्स और जलविद्युत-DPR पोर्टल लॉन्च किये

स्रोत: पी.आई.बी

हाल ही में केंद्रीय विद्युत मंत्री ने **विद्युत क्षेत्र की दक्षता, पारदर्शिता और प्रभावशीलता** बढ़ाने के लिये तीन ऑनलाइन प्लेटफॉर्म - **प्रोमप्ट, ड्रिप्स और जलविद्युत DPR** लॉन्च किये हैं। NTPC की सहायता से केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (CEA) ने इन ऑनलाइन पोर्टलों को विकसित किया है।

- **थर्मल परियोजनाओं की ऑनलाइन निगरानी हेतु पोर्टल (PROMPT):**
  - यह भारत में निर्माणाधीन **ताप विद्युत परियोजनाओं के वास्तविक समय ऑनलाइन ट्रैकिंग और विश्लेषण को सक्षम करेगा।**
  - इस प्लेटफॉर्म को **ताप विद्युत संयंत्रों के निर्माण में** देरी का कारण बनने वाली समस्याओं की शीघ्र पहचान और समाधान के लिए डिज़ाइन किया गया है।
- **विद्युत क्षेत्र के लिये आपदा रोधी अवसंरचना (DRIPS):**
  - इस ऑनलाइन पोर्टल को चक्रवात, भूकंप **और** बाढ़ **जैसी प्राकृतिक आपदाओं** के कारण पूरे देश में होने वाली विद्युत बाधाओं की शीघ्र पहचान करने के लिये विकसित किया गया है।
  - यह प्रभावित क्षेत्रों में **तेज़ी से बहाली** सुनिश्चित करने के लिये विद्युत क्षेत्र में **नामित नोडल अधिकारियों को जोड़ेगा।**
- **जल विद्युत DPR:**
  - **जल विद्युत और पंप भंडारण परियोजनाओं के सर्वेक्षण एवं जाँच गतिविधियों की निगरानी हेतु ऑनलाइन पोर्टल (जल विद्युत DPR)** मंच पूरे देश में निर्माणाधीन **जलविद्युत पंप भंडारण परियोजनाओं** की स्थिति पर वास्तविक समय की जानकारी देगा।
  - इस मंच का उद्देश्य इन संयंत्रों के निर्माण में **प्रबंधन और समन्वय को बढ़ाना है।**
- **केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (CEA) की स्थापना वर्ष 1951 में विद्युत (आपूर्ति) अधिनियम, 1948** के तहत की गई थी। बाद में इसे **विद्युत अधिनियम, 2003** द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया गया।
  - यह विद्युत मंत्रालय के अधीन कार्य करता है और **राष्ट्रीय विद्युत योजना** तैयार करता है। यह **नए जलविद्युत संयंत्रों को मंजूरी देता है** और कई अन्य कार्य भी करता है।
  - इसमें केंद्र सरकार द्वारा एक अध्यक्ष और 6 पूर्णकालिक सदस्य होते हैं।
  - इसका मुख्यालय **नई दिल्ली** में है।

//

INDIA'S POWER MIX

Power source	Share in power generation		Capacity utilisation	
	FY20	FY24	FY20	FY24
Coal-fired	71%	75%	53%	68%
Solar	4%	7%	17%	16%
Wind	5%	5%	20%	21%
Hydro	12%	8%	39%	33%
Others	8%	5%	-	-

और पढ़ें: IEA की इलेक्ट्रसिटी 2024 रिपोर्ट

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cea-launched-prompt,-drips-and-jalvidyut-dpr-portals